प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 01.04.2026

➢ थाना मूसानगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 31.03.2026 को थाना मूसानगर पर वादिनी श्रीमती सीमा उम्र 38 वर्ष पत्नी परवेश निवासिनी ग्राम हरदुआ पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि मेरे भाई अभियुक्तगण 1.बडे उर्फ मैनुउदीन पुत्र अहमद, 2.शाजदा पत्नी मैनुउद्दीन, 3.नियाजुद्दीन उर्फ नियाज पुत्र अहमद तथा चार-पाँच अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मेरी बहन रेशमा उम्र करीब 32 वर्ष पुत्री अहमद निवासी फत्ते कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात की प्लाट के विवाद को लेकर मारपीट करने जिससे मेरी बहन रेशमा के सिर मे गम्भीर चोट आने तथा मेरे भाईयो द्वारा मेरी बहन रेशमा की हत्या कर देने के सम्बन्ध में दिया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-030/2026 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस बनाम 1.बडे उर्फ मैनुउदीन पुत्र अहमद, 2.शाजदा पत्नी मैनुउद्दीन, 3.नियाजुद्दीन उर्फ नियाज पुत्र अहमद निवासीगण फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात 4. चार-पाँच व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत किया गया । थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर नामित अभियुक्त नियाजुद्दीन उर्फ नियाज उम्र 42 वर्ष पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 31.03.2026 को हलिया मोड़ कस्बा व थाना मूसानगर के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त नियाजुद्दीन उर्फ नियाज उपरोक्त की निशादेही पर आलाकत्ल बेलचा (सब्बल) की बरामदगी घटना स्थल मृतिका के घर के पास से की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता:-

1.नियाजुद्दीन उर्फ नियाज उम्र 42 वर्ष पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी-

01अदद आलाकत्ल बेलचा(सब्बल)।

गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रीना गौतम
2. उ0नि0 श्री किरनपाल नागर
3. का0 877 सत्यवीर सिंह
4. का0 642 गोविन्द यादव
5.